मेरा हाथ पकड़ लो माँ जगत में भीड़ तो भारी है लिरिक्स

मेरा हाथ पकड़ लो माँ,
जगत में भीड़ तो भारी है,
कहीं खो ना जाऊं मैं,
माँ तेरी जिम्मेदारी है,
मेरा हाथ पकड लो माँ,
जगत में भीड़ तो भारी है।bd।

तर्ज – हम भूल गए रे हर बात।

दुनिया तो बदलती आई है,
दुनिया का क्या विश्वास करूँ,
माँ तू ना कभी बदल जाना,
विनती मैं तुमसे एक करूँ,
हर पल देना मेरा साथ,
माँ तुमसे अरज़ हमारी है,
कहीं खो ना जाऊं मैं,
माँ तेरी जिम्मेदारी है,
मेरा हाथ पकड लो माँ,
जगत में भीड़ तो भारी है।bd।

हारे तो माँ अपनाती हो,
मैं भी तो हार के आया हूँ,
खाली झोली के साथ में माँ,
अश्कों को चढाने लाया हूँ,
माँ रख लेना मेरी लाज,
के अब ये लाज तुम्हारी है,
कहीं खो ना जाऊं मैं,
माँ तेरी जिम्मेदारी है,
मेरा हाथ पकड लो माँ,
जगत में भीड़ तो भारी है।bd।

नाता जो तुमसे जोड़ा है,
माँ उसकी डोर ना टूटेगी,
थामे रखना माँ तुम मुझको,
जब अंतिम साँसें छूटेंगी,
माँ मान 'हरि' की बात,
इन तुम से ही सारी है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कहीं खो ना जाऊं मैं,
माँ तेरी जिम्मेदारी है,
मेरा हाथ पकड लो माँ,
जगत में भीड़ तो भारी है।bd।

मेरा हाथ पकड़ लो माँ,
जगत में भीड़ तो भारी है,
कहीं खो ना जाऊं मैं,
माँ तेरी जिम्मेदारी है,
मेरा हाथ पकड लो माँ,
जगत में भीड़ तो भारी है।bd।

Singer – Hari Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com